# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 13.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 13.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 13.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी गयी, परेड निरीक्षण के दौरान अधि0/कर्मचारीगण का टर्न आउट चेक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया। परेड ग्राउंड में आर्मोरर द्वारा शस्त्रों का खोलने जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार/दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा डायल 112 कार्यालय,आवास परिसर,प्रारम्भिक जेटीसी को लेकर आरक्षी बैरिक,आरटीसी बैरिक आदि का निरीक्षण किया गया तथा जल्द से जल्द काम सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया सीपीसी कैंटीन,मंदिर,भोजनालय, आर्मरी का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली गयी साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविंद कुमार वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण,आरटीसी प्रभारी श्री प्रदीप यादव, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मऊ तथा उनकी टीम द्वारा मु.अ.स. 184/2025 धारा- 103(1),115(2),352, 351(3) बीएनएस के नामजद वांछित अभियुक्त 1. चन्द्रकान्त पाण्डेय उर्फ छोटू पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय उम्र 28 वर्ष 2.रजनीश पाण्डेय पुत्र श्रीनिवास पाण्डेय उम्र 20 वर्ष निवासीगण पिपरौंद थाना मऊ जनपद चित्रकूट को ग्राम जोरवारा नगर पुलिया थाना मऊ से गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 11.06.2025 को वादी श्री राकेश सिंह पुत्र श्री रामशिरोमणि आरख निवासी ग्राम पिपरौंद थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दिया गया कि आज शाम 06.30 बजे मेरे घर के थोड़ी दूर में पड़ोंस के रहने वाले चन्द्रकान्त पाण्डेय उर्फ छोटू पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय पुत्र श्रीनिवास पाण्डेय,रमानिवास पाण्डेय पुत्र गयाप्रसाद पाण्डेय,जानू पाण्डेय पुत्र रमानिवास पाण्डेय निवासीगण पिपरौंद थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा एक राय होकर लाठी डंडे से जान से मारने की नियत से वादी के पिता श्री रामशिरोमणि को गम्भीर चोट पहुंचाना तथा गला पकड़कर जमीन पर पटककर लात मारना जिससे वादी के पिता की मृत्यु हो जाना तथा वादी राकेश सिंह व सुधीर,सुनील,मंजीत पुत्रगण राजकुमार व उनकी माता श्रीमती गिरजा देवी को गम्भीर चोट पहुंचाना। इस सम्बन्ध में मु.अ.स. 184/2025 धारा- 103(1),115(2),352, 351(3) बीएनएस बनाम 1. चन्द्रकान्त पाण्डेय उर्फ छोटू पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय 2. रजनीश पाण्डेय पुत्र श्रीनिवास पाण्डेय 3. रमानिवास पाण्डेय पुत्र गयाप्रसाद पाण्डेय 4. जानू पाण्डेय पुत्र रमानिवास पाण्डेय निवासीगण पिपरौंद थाना मऊ जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। दिनाँक 12.06.2025 को प्रभारी निरीक्षक मऊ ने अथक प्रयास करते हुये अभियुक्त 1. चन्द्रकान्त पाण्डेय उर्फ छोटू पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय उम्र 28 वर्ष 2. रजनीश पाण्डेय पुत्र श्रीनिवास पाण्डेय उम्र 20 वर्ष निवासीगण पिपरौंद थाना मऊ जनपद चित्रकूट को ग्राम जोरवारा नहर पुलिया थाना मऊ से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह

2. उ0नि0 श्री मुन्नीलाल
3. मुख्य आरक्षी बृजेश कुमार
4. आरक्षी विवेक कुमार

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री विवेक कुमार व उनकी टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर को चोरी की 01 अदद जिओ सेट टॉप बाक्स व 02 अदद राउटर के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 12.05.2025 को वादी श्री अजीत सिंह पुत्र श्री नागेन्द्र सिंह निवासी तुलसीनगर कसहाई रोड थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दिया गया कि मण्डी परिसर में IFFDC कृषक सेवा केन्द्र का ताला लगाकर हमलोग चले गये थे । केन्द्र के पीछे की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरो द्वारा केन्द्र के अन्दर घुसकर कार्यालय में लगे दरवाजा तोड़कर अन्दर लगे जियो एवर फाइवर सेट टॉप बाक्स चोरी कर ले जाना इस सूचना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 285/25 धारा 331(3),305 BNS बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया । दिनाँक 12.06.2025 को उ0नि0 श्री विवेक कुमार व उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मुखविर खास की सूचना पर अभियुक्त 1.अरबाज खान उर्फ आशु पुत्र मो0 समीम निवासी भैरव पागा पुरानी बाजार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 2.अमन कुमार पुत्र संजय निवासी लक्ष्मणपुरी बस अण्डे के पीछे थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गल्ला मण्डी परिसर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ने पूंछताछ में बताया कि हम लोग मिलकर मण्डी के खाद गोदाम से जिओ सेट टॉप बाक्स व 02 राउटर चोरी कर लिये थे। मुकदमा उपरोक्त में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) की बढ़तरी की गयी।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>**

1. चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी श्री विवेक कुमार
2. उ0नि0 श्री गौरव तिवारी
3.मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार
4.आरक्षी शिवपूजन यादव
5.आरक्षी कृष्ण कुमार

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री सुरेन्द्र कुमार व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सत्यनारायन निषाद पुत्र विजय निषाद निवासी केवटरहा मोहल्ला कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 30 क्वार्टर मस्तीहू ब्राण्ड शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-</u>**

1.उ0नि0 श्री सुरेन्द्र कुमार थाना राजापुर
2.आरक्षी शुभम मिश्रा

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1. दयाशंकर पाण्डेय पुत्र ददुलीराम निवासी कटरी थाना पश्चिम सरीला जनपद कौशाम्बी 2. प्रांजुल उपाध्याय पुत्र चन्द्रशेखर 3. सुनील कुमार उर्फ लक्ष्मण पुत्र सिपाहीलाल 4. नरेन्द्र यादव पुत्र महादेव निवासीगण बरद्वारा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से मालफड 6700 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 1320 रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

मालफड़ से 6700/- रुपये
52 अदद ताश के पत्ते
जामा तलाशी से 1320/- रुपये

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय थाना सरधुवा
2.उ0नि0 श्री नितिश कुमार यादव
3.मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार
4.आरक्षी ललित सोनी
5.आरक्षी राहुलपूरी